Title: Regarding need to provide more railway facilities to the people of Madhya Pradesh.

14.03 hrs.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : महोदय, मध्य प्रदेश के ह्रदय स्थल एवं देश के केन्द्र बिन्दु से रेल यातायात का मार्ग आज भी अपेक्षित है :-

1. मध्य रेलवे के मुम्बई-कलकत्ता मुख्य मार्ग का इटारसी जंक्शन से जबलपुर से कटनी जंक्शन तक रेल मार्ग विद्युतीकरण की आवश्यकता है।

2. माल एवं यात्री सुविधाओं के इस मुख्य मार्ग के दो महत्वपूर्ण पुल सौ वर्षों पुराने हैं। पहल पुल तवां नदी पर निर्मित है तथा दूसरा पुल शेर नदी पर नरसिंहपुर जिले में निर्मित है। इन दोनों रेल पुलों की आयु सीमा समाप्त हो गई है तथा इन दोनों पुलों पर रेल यातायात का एकांकी मार्ग है। यदि दुर्भाग्यवश कभी इन पुलों को क्षति पहुंची तो बहुत जन-धन की हानि होगी एवं यह रेल यातायात अगले निर्माण तक अवरुद्ध रहेगा।

3. गोटेगांव (श्रीधाम) से रामटेक तक के रेल मार्ग का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। उसे सागर तक बढ़ाया जाए ताकि उत्तर से दक्षिण की यात्रा करने वाले यात्रियों की दूरी लगभग 200 कि.मी. कम हो सकेगी।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त कार्यों को शीघ्र पूरा करें।